प्रेम दत्त रतूड़ी
**PREM DUTT RATURI**
*IPS*

उत्तरांचल शासन

पुलिस महानिदेशक
उत्तरांचल
DIRECTOR GENERAL OF POLICE
Uttaranchal
12, Subhash Marg
Dehradun - 248 001

अर्द्धशा0 परिपत्र सं0– 6 /2002,
दिनॉक: देहरादून: मई 16, 2002

प्रिय महोदय,

आप विदित ही हैं कि जनपदों से विभिन्न प्रकरणों में रासायनिक परीक्षण हेतु विसरा, विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा भेजे जाते है। वर्तमान में विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा में विसरा सम्बन्धित प्रदर्श, रासायनिक परीक्षण हेतु काफी अधिक संख्या में लम्बे समय से लम्बित है।

2– विभिन्न अभियोगों से सम्बन्धित विसरा प्रदर्शो का विधि विज्ञान प्रयोगशाला आगरा द्वारा परीक्षण कर विशेषज्ञों की महत्वपूर्ण राय समय पर उपलब्ध न होने के कारण राज्य के विवेचनाधीन/विचाराधीन अभियोगों के परिणामों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में नये प्रकरणों के विसरा परीक्षण हेतु आगरा भेजे जाने से, पूर्व से लम्बित प्रदर्शो के निस्तारण में और अधिक विलम्ब होना स्वाभाविक है।

3– अतः विसरा सम्बन्धी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु यह निर्णय लिया गया है कि अब भविष्य में केवल विसरा प्रदर्शो को रासायनिक परीक्षण हेतु केन्द्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, सैक्टर--9, चण्डीगढ़ को भेजा जाय। निदेशक केन्द्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला, चण्डीगढ़ का दूरभाष नम्बर 0172–742797 है। जहॉ से आपके द्वारा आवश्यक व महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

भवदीय,
16/5/02
( प्रेम दत्त रतूड़ी )

**समस्त वरिष्ठ/ पुलिस अधीक्षक,**
**प्रभारी जनपद, उत्तरांचल।**

**प्रतिलिपि :– निम्नॉकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:–**

1– अपर पुलिस महानिदेशक, होमगार्ड्स/सतर्कता/अभियोजन, उत्तरांचल देहरादून।
2– पुलिस महानिरीक्षक, मुख्यालय/कार्मिक, उत्तरांचल देहरादून।
3– पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना/सुरक्षा उत्तरांचल देहरादून।
3– पुलिस महानिरीक्षक,अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तरांचल देहरादून।
4– पुलिस उपमहानिरीक्षक, गढवाल एवं कुमॉयू परिक्षेत्र, उत्तरांचल।
5– पुलिस महानिदेशक के सहायक, उत्तरांचल देहरादून।

----

☎ : 0135 - 712082 (कार्यालय) 713588 (निवास) फैक्स : 712080